कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली

दिनांक 30.07.2020

प्रेस समाचार

महाविद्यालय विकास समिति की आवश्यक बैठक आज दिनांक 30.07.2020 को प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में पूर्व में हुई समिति की बैठक की मिनिट्स को समिति के कोषाध्यक्ष प्रो. नत्थू सिंह ने प्रस्तुत किया जिसे समिति सदस्यों ने अनुमोदित किया। इसके पश्चात् विकास समिति के तत्वाव्धान में किये जाने वाले कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया जिसमें मुख्यतः महाविद्यालय में एक पानी की बड़ी टंकी का निर्माण कार्य, विभिन्न विभागों, सभागार, स्टाफरूम का जीर्णोद्धार कार्य एवं इनमें आवश्यक ऑडियो वीज्युअल उपकरण लगवाये जाना, जल मन्दिर का निर्माण, पुस्तकालय का ऑटोमेशन, महाविद्यालय संचालन हेतु दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी रखे जाने का कार्य, भूगोल विभाग की बाउन्ड्री, कैम्पस के पीछे की बाउन्ड्री एवं एक बडे मेन गेट का निर्माण कार्य किये जाने का समिति ने अनुमोदन किया। विकास समिति हेतु कोष प्राप्त करने के लिए विभिन्न श्रोतों पर चर्चा की गई। डॉ. जयपाल मीना ने चुनाव कार्यों में जिला प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण कॉलेज परिसर का अधिगृहण कर चुनावी कार्यों के सम्पादन से बहुत बड़ी मात्रा में टूट–फूट का होना, खेल मैदानों एवं बाउन्ड्री आदि का पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो जाना, फर्नीचर टूट जाना, लौन एवं पेड़–पौधे आदि का क्षतिग्रस्त होना स्वभाविक है, लेकिन जिला प्रशासन चुनाव के बाद कॉलेज को अपने हाल पर छोड़ देता है। वर्तमान में भी ईवीएम आदि से कई महत्वपूर्ण कमरे रूके हुए हैं, इसके अलावा पुलिस आदि के द्वारा भी कमरे रूके हुए हैं आदि की ओर ध्यान आकृष्ट किया। प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर मीना ने विस्तार से किये जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर समिति से अनुमोदित करवाने का आग्रह किया। मार्च 2019 में समिति का अंकेक्षण सी.ए. द्वारा करवाया गया जिसे समिति ने अनुमोदित किया। जिला प्रशासन प्रतिनिधि उपखण्ड अधिकारी श्री परमार ने समिति सदस्यों को आश्वस्त किया कि मैं स्वयं जिला कलक्टर को महाविद्यालय परिसर में चुनाव कार्यों में होने वाली टूट–फूट एवं अन्य समस्याओं को विस्तार से रखूंगा। समिति की बैठक से पूर्व सभी सदस्यों/अतिथियों ने महाविद्यालय में वृक्षारोपण का कार्य किया जिसमें एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया। अन्त में समिति के सचिव डॉ. के.एस. रावत ने सभी सदस्यों व अतिथियों को धन्यवाद देते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

बैठक में विकास समिति के सम्मानित सदस्य/अतिथि जिनमें स्थानीय विधायक श्री लाखन सिंह मीना का नोमिनी श्री वीरसिंह मीना, जिला कलक्टर प्रतिनिध उपखण्ड अधिकारी श्री देवेन्द्र सिंह परमार, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता श्री विष्णु चन्द गुप्ता, जलदाय विभाग के श्री अरूण गुप्ता, पूर्व प्राचार्य डॉ. जयपाल मीना, शहर के प्रमुख भामाशाह हाजी रूखसार, पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष श्री वेणु गोपाल, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े श्री फजले अहमद, श्री जब्बार खान अभिभावक, प्राचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर मीना, सचिव डॉ. के.एस. रावत, कोषाध्यक्ष प्रो. नत्थू सिंह, डॉ. सीताराम खण्डेलवाल, प्रो. गोरेलाल मीना, एन.एस.एस. के सभी कार्यक्रम अधिकारी, स्वयं सेवक एवं समिति सदस्य, डॉ. श्रीफल मीना, प्रो. मनमोहन मीना सहित विभिन्न प्रोफसरों ने भाग लिया।

प्रतिलिपिः–

1. संवाददाता, राजस्थान पत्रिका, करौली।
2. संवाददाता, दैनिक भास्कर, करौली।
3. संवाददाता, नवज्योति, करौली।
4. संवाददाता, राष्ट्रदूत, करौली।

(डॉ. ज्ञानेश्वर मीना)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली